हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
07 अगस्त 2024, समय 1305

आज देश भर में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जा रहा है।उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज नई दिल्ली में 10वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर संत कबीर और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार प्रदान किये। ये पुरस्कार बुनकरों को हथकरघा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिए जाते हैं।भारत में हथकरघा दिवस समारोह की शुरुआत स्वदेशी आंदोलन से हुई। पहला राष्ट्रीय हथकरघा दिवस स्वदेशी आंदोलन की याद में 2015 में मनाया गया था। यह दिवस हथकरघा बुनकरों और देश के सांस्कृतिक, पारंपरिक और आर्थिक परिदृश्य में उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है।समारोह का उद्देश्य भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास में हथकरघा क्षेत्र के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधान मंत्री ने कहा कि उन्हें देश भर में हथकरघा की समृद्ध विरासत और जीवंत परंपरा पर बहुत गर्व है। उन्होंने देश के कारीगरों के प्रयासों की सराहना की और 'वोकल फॉर लोकल' होने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

हरियाणा के पर्यावरण वन एवं वन्य जीव और खेल राज्य मंत्री संजय सिंह ने भिवानी में अधिकारियों को विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा करवाने के निर्देश दिये हैं ।

भिवानी में कल जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद उन्होंने बताया कि सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी तालमेल से विकास कार्यों को गति देने और विकास कार्यों के लिए जारी की जाने वाली धनराशि सही ढंग से प्रयोग करने की हिदायत की गई है ।राज्य मंत्री ने कहा की अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि जो धनराशि जिन कार्यों के लिए जारी की जाती है, उनको उसी कार्य में खर्च कर काम को निर्धारित समय में पूरा करवाएं। निर्धारित समयावधि में जो कार्य शुरु नहीं किए गए उन विकास कार्यों की जांच करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर देरी नहीं होनी चाहिए।

....

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर आज स्वदेश लौट आईं। आज सुबह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनके प्रशंसकों तथा केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

विनेश फोगाट पेरिस में क्यूबा की युस नेलिस गुज़मैन लोपेज को 5-0 से हराकर ओलिंपिक खेलों के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन गई हैं। सेमीफाइनल में इस जीत के बाद अब उनका रजत पदक पक्का हो गया है। भारतीय महिला कुश्ती में आज सर्वाधिक महत्वपूर्ण दिन है। आज विनेश फोगाट ओलिंपिक खेलों में देश के लिए पहला ऐतिहासिक स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए 50 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल प्रतियोगिता में भाग लेंगी। आज रात 9 बजकर 45 मिनट पर विनेश का मुकाबला अमरीका की सारा एन हिल्डरब्रांड्ट से होगा।

हरियाणा सरकार ने आंगनवाड़ियों में जन्म से ही बच्चों के विकास की निगरानी करने का निर्णय लिया है। इसके लिए जल्द ही लगभग 7 करोड़, 18 लाख रूपये की लागत से निगरानी-उपकरण खरीदे जाएंगे। हरियाणा के महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल की अध्यक्षता में कल उच्च अधिकार प्राप्त की समिति की बैठक में यह उपकरण खरीदने को मंजूरी दी गई। इनके अलावा ,राज्य की सभी आंगनवाड़ियों में दाखिला लेने वाले बच्चों के लिए दूध पीने हेतु अलग-अलग गिलास ख़रीदने की भी मंजूरी दी गई है ताकि संक्रमण को फैलने से रोक जा सके।श्री गोयल ने बैठक के बाद यह जानकारी दी। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवर पाल भी उपस्थित थे।

हरियाणा उदय जनसम्पर्क कार्यक्रम के तहत जिला रेवाड़ी में 11 अगस्त को रेवाड़ी हाफ मैराथन नाम से एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे और रेवाड़ी हाफ मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।मैराथन को तीन श्रेणियों में बांटा गया है। इसमें पहली श्रेणी में 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन, दूसरी श्रेणी में 10 किलोमीटर रन व तीसरी श्रेणी 5 किलोमीटर की रन फॉर फन होगी। इस मैराथन में भाग लेने के लिए पर पंजीकरण करवाना होगासरकारी प्रवक्ता ने

बताया कि हाफ मैराथन के विजेताओं को राव तुलाराम स्टेडियम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में लाखों रुपए के पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया जाएगा।